# ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ (ਹੱਲ ਸਹਿਤ)

## ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ (HI, VI ਅਤੇ MR) ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ

## ਸ਼੍ਰੇਣੀ : ਛੇਵੀਂ
## ਵਿਸ਼ਾ : ਹਿੰਦੀ (ਦੂਜੀ ਭਾਸ਼ਾ)

ਪਿਆਰੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਓ !

ਮਾਣਯੋਗ ਸੱਕਤਰ ਸਕੂਲ ਸਿੱਖਿਆ, ਪੰਜਾਬ ਜੀ ਦੇ ਮਾਰਗ ਦਰਸ਼ਨ ਅਤੇ ਦਿਸ਼ਾ ਨਿਰਦੇਸ਼ਾਂ ਹੇਠ ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ (HI, VI ਅਤੇ MR) ਲਈ ਛੇਵੀਂ ਸ਼੍ਰੇਣੀ ਦਾ ਹਿੰਦੀ ਵਿਸ਼ੇ ਦਾ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਪੰਜਾਬ ਸਕੂਲ ਸਿੱਖਿਆ ਬੋਰਡ ਦੇ ਛੇਵੀਂ ਦੇ ਪਾਠਕ੍ਰਮ ਦੇ ਅਧਾਰ 'ਤੇ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਕੋਈ ਵੱਖਰਾ ਪਾਠਕ੍ਰਮ ਨਹੀਂ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ। ਸਿਰਫ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਪੱਤਰ ਦੀ ਰੂਪਰੇਖਾ ਹੀ ਭਿੰਨ ਰੱਖੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਪੱਤਰ ਵਿੱਚ 60% ਪ੍ਰਸ਼ਨ Objective type ( Multiple choice, Fill in the blanks, Match the following ਅਤੇ True & false) ਹਨ ਜਦੋਂ ਕਿ 20% ਛੋਟੇ ਉੱਤਰਾਂ ਵਾਲੇ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਅਤੇ 20% ਵੱਡੇ ਉੱਤਰਾਂ ਵਾਲੇ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਹਨ।

ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਨੂੰ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਉਦੇਸ਼ ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਉਚਿਤ ਅਤੇ ਲੋੜੀਂਦਾ ਗਿਆਨ ਸਰਲਤਾ ਨਾਲ਼ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕਰਨ ਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਦੀ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ਤਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ 100% ਹੱਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਪ੍ਰੀਖਿਆ ਵਿੱਚ ਕੇਵਲ ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚੋਂ ਹੀ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਪੁੱਛੇ ਜਾਣਗੇ।

ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਨੂੰ ਵਿਸ਼ਾ ਮਾਹਿਰਾਂ ਵਲੋਂ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਸੁਧਾਰ ਦੇ ਤੌਰ 'ਤੇ ਆਏ ਸੁਝਾਵਾਂ ਦਾ ਸਵਾਗਤ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ।


| | | | |
|---|---|---|---|
| ਕਮਲ ਜੋਸ਼ੀ | ਜਯੋਤੀ ਅਨੇਜਾ | ਸੁਧਾ ਜੈਨ | ਡਾ.ਸੁਨੀਲ ਬਹਿਲ |
| (ਤਿਆਰ ਕਰਤਾ) | (ਤਿਆਰ ਕਰਤਾ) | (ਤਿਆਰ ਕਰਤਾ) | ਸੰਪਾਦਕ |
| ਭਾਗ-1 | ਭਾਗ-2,3 **(i)** | ਭਾਗ-3 **(ii, iii), ਭਾਗ-4** | ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ |
| ਹਿੰਦੀ ਮਾਸਟਰ, | ਹਿੰਦੀ ਮਿਸਟ੍ਰੈਸ | ਹਿੰਦੀ ਮਿਸਟ੍ਰੈਸ | ਸ.ਸ.ਸ.ਸ.ਬਹਿਲੂਰ ਕਲਾਂ |
| ਸ.ਹ.ਸ.ਮੁਕੰਦਪੁਰ | ਸ.ਸ.ਸ.ਸਕੂਲ ਝੰਜੇੜੀ | ਸ.ਕੰ.ਸ.ਸ.ਸਕੂਲ.ਸੋਹਾਣਾ | (ਐੱਸ.ਬੀ.ਐੱਸ.ਨਗਰ) |
| (ਐੱਸ.ਏ.ਐੱਸ.ਨਗਰ) | (ਐੱਸ.ਏ.ਐੱਸ.ਨਗਰ) | (ਐੱਸ.ਏ.ਐੱਸ.ਨਗਰ) | |

# पाठ्यक्रम

## केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI,VI तथा MR) विद्यार्थियों के लिए

सत्र : 2018-19

कक्षा : छठी

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

समय : 3 घंटे +1 घंटा अतिरिक्त समय पूर्णांक- 90

सी.सी.ई-भाग-10

भाग-I : 02 अंकों वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न (54)

| | |
|---|---|
| **(1) बहुवैकल्पिक प्रश्न :** | ***12*** |
| (i) संज्ञा की पहचान | 4 |
| (ii) समानार्थक (पर्यायवाची) शब्द | 4 |
| (iii) शब्द शुद्धि | 4 |
| **(2) 'सही / गलत लिखिए' -से सम्बन्धित प्रश्न :** | ***14*** |
| (i) 'र' के विभिन्न रूप | 2 |
| (ii) पंजाबी शब्दों के हिंदी रूप | 6 |
| (iii) कारक की पहचान | 2 |
| (iv) विशेषण की पहचान | 2 |
| (v) पाठ्य-पुस्तक के लघूत्तर प्रश्न | 2 |
| **(3) मिलान कीजिए से सम्बन्धित प्रश्न :** | ***12*** |
| (i) लिंग परिवर्तन | 4 |
| (ii) विपरीतार्थक शब्द | 4 |
| (iii) वचन परिवर्तन | 4 |

| | |
|---|---|
| **(4) रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्न :** | *16* |
| (i) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 4 |
| (ii) पाठ्य-पुस्तक के लघूत्तर प्रश्न | 6 |
| (iii) कठिन शब्द | 2 |
| (iv) पाठ्य-पुस्तक के मुहावरे | 2 |
| (v) सर्वनाम की पहचान | 2 |

| | |
|---|---|
| **भाग-II : 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न** | **(18)** |
| (i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित पाठों के लघूत्तर प्रश्न | 12 |
| (ii) पाठ्य-पुस्तक की कविता लेखन | 3 |
| (iii) विराम चिह्न | 3 |

| | |
|---|---|
| **भाग- III : 04 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न** | **(8)** |
| (i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित पाठों के निबन्धात्मक प्रश्न | 4 |
| (ii) कहानी लेखन | 4 |

| | |
|---|---|
| **भाग- IV : 05 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न** | **(10)** |
| (i) निबन्ध लेखन | 5 |
| (ii) पत्र लेखन | 5 |

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य-पुस्तक :**

- **आओ हिंदी सीखें -6**

## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

## केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI,VI तथा MR) विद्यार्थियों के लिए

सत्र : 2018-19

कक्षा : छठी

विषय : हिंदी (द्विवितीय भाषा)

समय : 3 घंटे +1 घंटा अतिरिक्त समय पूर्णांक- 90

सी.सी.ई-भाग-10

**भाग-I : 02 अंकों वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न (54)**

| | |
|---|---|
| **(1) बहुवैकल्पिक प्रश्न :** | ***12*** |
| (i) संज्ञा की पहचान में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । | $2 \times 2=4$ |
| (ii) समानार्थक (पर्यायवाची) शब्द में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । | $2 \times 2=4$ |
| (iii) शब्द शुद्धि में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे। | $2 \times 2=4$ |
| **(2) 'सही / गलत लिखिए' -से सम्बन्धित प्रश्न :** | **14** |
| (i) 'र' के विभिन्न रूप में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। | 2 |
| (ii) पंजाबी शब्दों के हिंदी रूप में से तीन प्रश्न पूछा जायेंगे। | $3 \times 2=6$ |
| (iii) कारक की पहचान में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। | 2 |
| (iv) विशेषण की पहचान में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। | 2 |
| (v) पाठ्य-पुस्तक में से एक लघूत्तर प्रश्न पूछा जायेगा। | 2 |
| **(3) मिलान कीजिए से सम्बन्धित प्रश्न :** | ***12*** |
| (i) लिंग परिवर्तन में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । | $2 \times 2=4$ |
| (ii) विपरीतार्थक शब्द में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । | $2 \times 2=4$ |
| (iii) वचन परिवर्तन में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । | $2 \times 2=4$ |

**(4) रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्न :** ***16***

(i) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । $2 \times 2=4$

(ii) पाठ्य-पुस्तक में से तीन लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे । $3 \times 2=6$

(iii) पाठ्य-पुस्तक में आए कठिन शब्द में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(iv) पाठ्य-पुस्तक के मुहावरों में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(v) सर्वनाम की पहचान में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

**भाग-II : 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न** **(18)**

(i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सात लघूत्तर प्रश्नों में से चार प्रश्नों को हल करने को कहा जायेगा । $4 \times 3=12$

(ii) पाठ्य-पुस्तक की कविता लेखन से सम्बन्धित प्रश्न में विद्यार्थी को अपनी रुचि के अनुसार किसी भी कविता की तीन-चार पंक्तियाँ लिखने को कहा जायेगा। 3

(iii) विराम चिह्न से सम्बन्धित दो प्रश्नों में से एक प्रश्न को हल करने को कहा जायेगा। 3

**भाग- III : 04 अंकों वाले निबन्धात्मक प्रश्न** **(8)**

(i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से दो निबन्धात्मक प्रश्नों में से एक प्रश्न को लगभग 25-30 शब्दों में हल करने को कहा जायेगा । 4

(ii) तीन कहानियों में से कोई एक कहानी को संक्षेप में लिखने को कहा जायेगा। 4

**भाग- IV : 05 अंकों वाले निबन्धात्मक प्रश्न** **(10)**

(i) किन्हीं दो निबन्धों के संकेत बिन्दु (Outlines) देकर उनमें से किसी एक निबन्ध को संक्षेप में लिखने के लिए कहा जाएगा । 5

(ii) दो पत्रों में से कोई एक पत्र लिखने के लिए कहा जायेगा। 5

## प्रश्न बैंक : केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI,VI तथा MR) विद्यार्थियों के लिए

## विषय :हिंदी

## कक्षा : छठी (द्वितीय भाषा)

## भाग-I : वस्तुनिष्ठ प्रश्न

## (1) बहु वैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न :

**(i) संज्ञा की पहचान**

**निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द संज्ञा शब्द है ।**

1 कपिल,अंत, एक, हरेक — उत्तर : कपिल

2 आप, राहुल, अनेक, यहाँ — उत्तर : राहुल

3. गुस्सा, बहुत, पूछा, दोनों — उत्तर : गुस्सा

4. कहा, ईमानदार,उसने, शंकर — उत्तर : शंकर

5. मुक्तसर, बीमार, इधर, बहादुर — उत्तर : मुक्तसर

7 गर्मी, मेरा, वह, तुम — उत्तर : गर्मी

8. स्कूल, तथा, देखकर, ठीक — उत्तर : स्कूल

9 गंगा, आज,कितना,कब — उत्तर : गंगा

10 बनारस, मीठा, खट्टा, गोल — उत्तर : बनारस

**(ii) समानार्थक (पर्यायवाची शब्द)**

**निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द समानार्थक(पर्यायवाची) है।**

1 सखा- मित्र, पड़ोसी, लड़का, सहपाठी — उत्तर : मित्र

2 रात- रजनी, तारे, अंधेरा, शाम — उत्तर : रजनी

3. माता- जनक, दादी, माँ, स्त्री — उत्तर : माँ

4.पेड़ - पत्ता, टहनी, फल, वृक्ष — उत्तर : वृक्ष

5. किसान-कृषक , बागवान, मज़दूर, मेहनती — उत्तर : कृषक

6 दूध- दुग्ध, दही, लस्सी, छाछ — उत्तर : दुग्ध

7.सूर्य- गर्मी, धूप, पसीना, सूरज — उत्तर : सूरज

8 समुद्र- सागर, पानी, जल, नदी — उत्तर : सागर

9. बादल - बारिश, मेघ , वर्षा, मींह — उत्तर : मेघ

10 फूल – गेंदा, सुमन, लता, बीज । — उत्तर : सुमन

**(iii) शब्द शुद्धि**

**निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध – शब्द रेखांकित करो।**

1 अकाश, आकाश, आकास, आकश। — उत्तर : आकाश

2 कुसुम, कुसम, कुषम, कुशुम। — उत्तर : कुसुम

3 देनिक, दैनीक, दैनिक, देनीक। — उत्तर : दैनिक

4 ईश्वर, इसवर, इश्वर, ईस्वर। — उत्तर : ईश्वर

5 प्रमात्मा, परमात्मा, परमातमा, परात्मा। — उत्तर : परमात्मा

6 गिड़गिड़ाना, गीड़गिड़ाना, गीड़गीड़ाना, गीड़गिढ़ाना। — उत्तर : गिड़गिड़ाना

7 मुकतसर, मुक्तशर, मुक्तसर, मूकतसर। — उत्तर : मुक्तसर

8 प्रधान्मन्त्री, प्रधानमन्त्री, परधानमन्त्री, प्रधानमनत्री। — उत्तर : प्रधानमन्त्री

9 सहपाठी, शहपाठीं, सहपाठि, सहपाटि। — उत्तर : सहपाठी

10 सेनिक, सैनिक, सैनीक, सेनीक । — उत्तर : सैनिक

11 बूराइ, बुराइ, बुराई, बूराई । — उत्तर : बुराई

12 इमानदार, ईमानदार, इमामदार, एमानदार । — उत्तर : ईमानदार

13 दुकानदार, दूकानदार, दुकनदार, दुकानधार। — उत्तर : दुकानदार

14 साधारण , सादारण, साधारन सधारण — उत्तर : साधारण

15 अध्यापक, अधियापक, अद्यापिक, अध्यपक। — उत्तर : अध्यापक

## (2) सही/गलत कथन से सम्बन्धित प्रश्न :

### (i) 'र' के विभिन्न रूपों से सम्बन्धित प्रश्न

निम्नलिखित में सही कथन पर सही ( √ ) और गलत कथन पर गलत ( X ) का निशान लगाइए :

1. 'सूर्य'' में पूरे 'र' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( X )
2. 'धर्म' में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( √ )
3. 'संग्राम' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। ( √ )
4. 'दुर्लभ' में पूरे 'र' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( X )
5. 'प्रदेश' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। ( √ )
6. 'निर्भय' में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( √ )

7.' कर्म ' में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। (√)
8.' पैट्रोल ' में आधे 'र्' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। (X)
9.'प्रकृति' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। (√)
10. ' वर्षा ' में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। (√)

### (ii) पंजाबी से हिंदी मैं अनुवाद सम्बन्धी प्रश्न

11.'ਉਪਾਅ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'उपाय' (√)
12.'ਮੂਰਖ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'मूरख' (X)
13.'ਸਮਾਂ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'समय' (√)
14.'ਜਿਊਂਦਾ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'जीउंदा' (X)
15.'ਛੇਕ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'छेक' (X)
16.'ਵਿਹੜਾ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'विहड़ा' (X)
17.'ਦੋਸਤੀ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'मित्रता' (√)
18.'ਬੁਝਾਰਤ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'पहेली' (√)
19.'ਸਿੱਖਿਆ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'शिक्षा' (√)
20.'ਸਾਹ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'साँस' (√)
21.'ਮੱਛੀ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'मछी' (X)
22.'ਸਕੂਲ' पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'सकूल' (X)
23.'ਪਿੰਡ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'गाँव' (√)
24.'ਵਾਛੜ'पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में लिखा जायेगा-'वाछड़' (X)

### (iii) कारक की पहचान

25. ठग ने झगड़ा किया- इस वाक्य में रेखांकित पद में कर्ता कारक है । (√)

26. राजा सुन रहा है - इस वाक्य में रेखांकित पद में कर्म कारक है । (X)
27.राजा ने कलम से लिखा इस वाक्य में रेखांकित पद में करण कारक है । (√)

28.नौकर राजा के लिए दवात लाया इस वाक्य में रेखांकित पद में सम्प्रदान कारक है। (√)

29.झरनों से पानी बह रहा है -इस वाक्य में रेखांकित पद में अपादान कारक है । (√)

30.बंदर पेड़ों पर कूदते दिखाई दे रहे हैं-इस वाक्य में रेखांकित पद में सम्बन्ध कारक है ।(X)

31.हे भगवान ! मेरी रक्षा करो- इस वाक्य में रेखांकित पद में सम्बोधन कारक है । (√)

32.हमने कमरों में सामान रख दिया- इस वाक्य में रेखांकित पद में अधिकरण कारक है ।(√)

## (iv) विशेषण की पहचान

33.यह प्रेरक कहानी है- वाक्य में 'प्रेरक' शब्द विशेषण है। (√)

34.वह निडर थी- वाक्य में 'वह' शब्द विशेषण है। (X)

35 कुछ सिपाही वहाँ पहुँचे- वाक्य में 'वहाँ' शब्द विशेषण है। (X)

36.कालीबाई बहादुर बालिका थी- वाक्य में 'बहादुर' शब्द विशेषण है। (√)

37.तेरह साल की लड़की आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़ी- वाक्य में तेरह शब्द विशेषण है। (√)

38. स्कूल के दो अध्यापक क्रांतिकारी गतिविधियाँ चलाते थे- वाक्य में 'स्कूल' शब्द विशेषण है। (X)

39.ऐसा नज़ारा देखकर मैं भाव विभोर हो उठा- वाक्य में 'मैं' शब्द विशेषण है। (X)

40.हमारा शहर रोशनी से जगमगा रहा था- वाक्य में 'हमारा' शब्द विशेषण है। (√)

## (v) पाठ्य-पुस्तक के लघूत्तर प्रश्न

43.'सबसे बड़ा धन' पाठ के अनुसार कपिल मुनि मुक्तसर आश्रम में रहते थे । (√)

44.'सबसे बड़ा धन' पाठ के अनुसार स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है। (√)

45. लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 4 अक्टूबर 1904 को हुआ। (X)

46. लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। (√)

47. 'ईमानदार शंकर' पाठ के अनुसार शंकर एक बेईमान बालक था । (X)

48. 'ईमानदार शंकर' पाठ के अनुसार लेखक ने ईमानदारी को सुख की खान कहा है। (√)

49. 'प्रायश्चित' पाठ के अनुसार मुखिया का न्याय देखकर गोपू खुश हो गया। (√)

50. 'प्रायश्चित' पाठ के अनुसार बच्चों ने मुखिया के उपले जला दिए थे। (X)

51.'रोमांचक कबड्डी मुकाबला'पाठ के अनुसार सरोजिनी टीम मैच हार गयी थी। (X)

52. 'दूध का दूध, पानी का पानी' पाठ के अनुसार अंत में पड़ोसी राजा ने संकल्प किया कि वह बुद्धि से न्याय करेगा। (√)

53. रेणुका झील शिमला में है । ( X )

54. सिक्ख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी हैं। ( √ )

55. 'पिल्ले बिकाऊ हैं' पाठ के अनुसार बच्चे की एक टाँग पोलियो से खराब थी। ( √ )

56. 'रसोई का ताज: सब्ज़ियाँ' पाठ के अनुसार सभी सब्ज़ियाँ अपनी-अपनी शेखी बघारती हैं। ( √ )

## (3) मिलान करो :

## निम्नलिखित अनुसार शब्दों का मिलान करो :

### (i) लिंग बदलो।

| | | |
|---|---|---|
| 1 अध्यापक | बबुआइन | 3 |
| 2 पिता | अध्यापिका | 1 |
| 3 बाबू | कुमारी | 6 |
| 4 पुत्र | रानी | 11 |
| 5 बालक | लड़की | 9 |
| 6 कुमार | पुत्री | 4 |
| 7 शिक्षक | माता | 2 |
| 8 युवक | नौकरानी | 12 |
| 9 लड़का | बालिका | 5 |
| 10 बेटा | शिक्षिका | 7 |
| 11 राजा | युवती | 8 |
| 12 नौकर | बेटी | 10 |

### (ii) विपरीतार्थक शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1 गाँव | मृत्यु | 5 |
| 2 बीमार | कायर | 4 |
| 3 सम्मान | शहर | 1 |
| 4 साहसी | जवान | 6 |
| 5 जन्म | अपमान | 3 |
| 6 बूढ़ा | तंदरुस्त | 2 |
| 7 मोटा | गीला | 12 |
| 8 पूरा | दु:खी | 11 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 पास | मूर्ख | 10 |
| 10 बुद्धिमान | आधा | 8 |
| 11 सुखी | पतला | 7 |
| 12 सूखा | दूर | 9 |
| 13 पहले | बाहर | 14 |
| 14 भीतर | छोटा | 15 |
| 15 बड़ा | बाद | 13 |

## (iii) वचन परिवर्तन

| | | |
|---|---|---|
| 1 बेटा | दुकानें | 3 |
| 2 बंदूक | रुपए | 4 |
| 3 दुकान | बेटे | 1 |
| 4 रुपया | वे | 5 |
| 5 वह | बंदूकें | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 वर्दी | कहानियाँ | 8 |
| 7 तख्ता | नदियाँ | 10 |
| 8 कहानी | साँसें | 9 |
| 9 साँस | वर्दियाँ | 6 |
| 10 नदी | तख्ते | 7 |
| 11 मोटा | आँखें | 12 |
| 12 आँख | लड़के | 15 |
| 13 बच्चा | माताएँ | 14 |
| 14 माता | मोटे | 11 |
| 15 लड़का | बच्चे | 13 |

## 4 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो

### (i) रिक्त स्थानों में अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द भरो।

1 घोड़े पर सवार - घुड़सवार (घुड़सवार, घोड़चालक)

2 खेतीबाड़ी करने वाला - किसान (किसान, मज़दूर)

3 तेल का व्यापार करने वाला -तेली (व्यापारी, तेली)

4 घरेलू काम-काज करने वाला -नौकर (कामकाजी, नौकर)

5 सरलता से पचने वाला -सुपाच्य (सुपाच्य, पाचन)

6 लाभ पहुँचाने वाला- लाभदायक (लाभपात्र, लाभदायक)

7 बहुत स्वाद वाला- स्वादिष्ट (मीठा, स्वादिष्ट )

8 घोड़े बाँधने का स्थान-अस्तबल (अस्तबल, खेत)

9 ठगी करने वाला -ठग (ठग/लड़ाका)

10 पड़ोस में रहने वाला- पड़ोसी (रिश्तेदार/पड़ोसी)

## (ii) प्रश्न – उत्तरों से सम्बन्धित।

### पाठ-1

01 बच्चे माता – पिता की आज्ञा मानना चाहते हैं। (भाई – बन्धु / माता – पिता)

02 बच्चे पढ़ – लिख कर भारत की शान बढ़ाना चाहते हैं। (अपनी / भारत)

### पाठ-2

03 मुक्तसर आश्रम में कपिल मुनि रहते थे। (कपिल मुनि / राहुल)

04 राहुल गरीब आदमी था। (अमीर / गरीब)

### पाठ-3

05 श्री लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री थे। (पहले / दूसरे)

06 नाविक गंगा पार ले जाने का दो पैसे किराया लेता था। (दो पैसे / चार पैसे)

### पाठ-4

07 वर्षा के बाद आसमान पर इन्द्रधनुष दिखाई देता है। (नीले बादल / इन्द्रधनुष)

08 वर्षा के बाद प्रकृति हरी – भरी लगती है। (आसमानी / हरी – भरी)

### पाठ-5

9 शंकर ईमानदार आदमी था। (बुरा / ईमानदार)

10 शंकर धन कमाने के लिए शहर गया। (विदेश / शहर)

### पाठ-6

11 1839 में मैकमिलन ने साइकिल की खोज की। (कागज / साइकिल)

12 साइकिल से प्रदूषण की समस्या कम होती है। (प्रदूषण / महंगाई)

### पाठ-7

13 सूर्य पूर्व दिशा से निकलता है।(उत्तर/पूर्व)

14 सूर्य सौर ऊर्जा का स्रोत है।(चंद्रमा/सूर्य)

### पाठ-8

15 बच्चे होली के अवसर पर इकट्ठे हुए थे।(दीवाली/होली)

16 बच्चों ने गोपू के उपले जलाए।(लकड़िया/उपले)

### पाठ-9

17 विद्यालय में कबड्डी का खेल खेला जा रहा था।(कबड्डी/हॉकी)

18 कबड्डी के मैच में सरोजिनी टीम विजयी घोषित हुई।(सरोजिनी/लक्ष्मीबाई)

### पाठ-11

19 अपने न्याय के लिए पड़ोसी राजा प्रसिद्ध था।(पड़ोसी राजा/ठग)

20 घोड़ा राजा का था।(ठग/राजा)

### पाठ-12

21 रेणुका जी हिमाचल प्रदेश में स्थित है।(पंजाब में/हिमाचल प्रदेश)

22 नाहन को तालाबों का का शहर कहा जाता है।(मन्दिरों का/तालाबों का)

### पाठ-13

23 कवयित्री कारगिल घटी का पत्थर बनना चाहती है।(कारगिल/जम्मू)

### पाठ-14

24 कुमारी कालीबाई बहादुर लड़की थी।(बहादुर/कायर)

25 शहीदी के समय कुमारी कालीबाई की उम्र 13 वर्ष थी।(15/13)

### पाठ-15

26 नगर कीर्तन पाँच प्यारों की अगुवाई में निकाला जाता है।(पाँच प्यारों/लोगों)

### पाठ-18

27 आलू ने अपने आपको सब्ज़ियों का राजा कहा।(टमाटर/आलू)

28 बैंगन की सब्ज़ी में लौह तत्व होता है।(बैंगन/पुदीना)

### पाठ-20

29 कवि के अनुसार मनुष्य ने हँसना फूलों से सीखा।(बच्चे से/फूलों से)

30 कवि के अनुसार जीवन में हरियाली ज़रूरी है।(हरियाली/फुलवारी)

## (iii) कठिन शब्द

1 नादान का अर्थ नासमझ होता है।(नासमझ/बेकार)

2 सदा का अर्थ हमेशा होता है।(अकसर/हमेशा)

3 कीर्ति का अर्थ बढ़ाई होता है।(बढ़ाई/बड़ाई)

4 क्रोध का अर्थ गुस्सा होता है।(गुस्सा/हँसी)

5 दृढ़ का अर्थ पक्का होता है।(पक्का/ठीक)
6 प्रकृति का अर्थ कुदरत होता है।(माहौल/कुदरत)
7 श्रम का अर्थ मेहनत होता है।(मेहनत/शर्म)
8 भिक्षा का अर्थ भीख होता है।(माँगना/भीख)
9 व्यायाम का अर्थ कसरत होता है।(कसरत/भागना)
10 प्रायश्चित का अर्थ पछतावा होता है।(लगाव/पछतावा)
11 दर्शक का अर्थ देखने वाला होता है।(देखने वाला/दिखाई देना)
12 विनती का अर्थ प्रार्थना होता है।(बोलना/प्रार्थना)

## (iv) मुहावरे

मुहावरों के उपयुक्त शब्द को खाली स्थान में भरो :

1 उसके पिता जी स्वर्ग सिधार गये। (सिधार गये/ चले गये)

2 राम अपने माता-पिता के जिगर का टुकड़ा है (हृदय / जिगर)

3 बाबा भारती का घोड़ा हवा से बातें करने लगा।(वायु / हवा)

4 परीक्षा आने पर सभी पढ़ाई में जुट गये।(करने लग/जुट)

5 कक्षा में प्रथम आने पर मेधावी का चेहरा खिल उठा ( खिल/फूल)

6 मेहनती लोग सदा पसीना बहाते हैं ।(निकालते/बहाते)

7.सरपंच ने दूध का दूध पानी का पानी करके सबको मोह लिया।( जल/पानी)

8.उसने हाथ-पाँव मारकर उसे डूबने से बचा लिया।( पाँव/सिर)

9.मुझे हर दम अपना ही राग अलापने वाले लोग पसंद नहीं हैं (बताने/ अलापने)

10 पिता की मौत के बाद शास्त्री जी पर तो जैसे पहाड़ टूट पड़ा। ( बादल/पहाड़)

## (v) रिक्त स्थानों में सर्वनाम शब्द भरो।

1 करें किसी से नहीं लड़ाई, करें किसी की नहीं बुराई।(किसी/प्रत्येक)
2 देश हमारा बढ़ता जाए, हो कर बड़े हम कीर्ति पाएँ।(राम का/हमारा)
3 वह एक गरीब आदमी था।(वह/राहुल)
4 ''फिर मैं देखूँगा कैसे।''(फिर/मैं)
5 वह एक दृढ़ निश्चयी और सिद्धान्तवादी व्यक्ति थे।(वह/राम)
6 आओ! हम भी मुस्काएँ।(पापा/हम)

7 **उसने** अपने मन की बात मित्रों से कही।(अपने/राम ने)
8आज **मैं** अपने बारे में कुछ बताता हूँ।(राम/मैं)
9 **मैं** पर्यावरण हितैषी सवारी हूँ।(मैं/साइकिल)
10 **हम** किसी के आँसुओं से हाथ भिगोकर होली नहीं मना सकते।(मंगल/हम)

## भाग-II : 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न

### (i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित पाठों के लघूत्तर प्रश्न

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें।

पाठ-1 (प्रार्थना)

1.बच्चों ने भगवान से कौन-कौन से सम्बन्ध जोड़े हैं?

उत्तर : माता-पिता, भाई-बन्धु और सखा के सम्बन्ध जोड़े हैं।

2. बच्चे कौन से अच्छे गुण अपने भीतर विकसित करना चाहते हैं?

उत्तर : बच्चे अपने भीतर सबका भला करना, सब के दु:ख दूर करना, माता-पिता और गुरु का आदर करना जैसे-अच्छे गुण विकसित करना चाहते हैं?

3. बच्चे पढ़-लिखकर किसकी शान बढ़ाना चाहते हैं?

उत्तर :बच्चे पढ़-लिखकर अपने भारत देश की शान बढ़ाना चाहते हैं।

पाठ-2 (सबसे बड़ा धन)

4. राहुल कैसा आदमी था?

उत्तर :राहुल एक गरीब आदमी था ।

5. कपिल मुनि के आश्रम का क्या नाम था?

उत्तर :कपिल मुनि के आश्रम का नाम मुक्तसर था।

6. कपिल मुनि ने राहुल से दस लाख रुपये के बदले में क्या माँगा ?

उत्तर :कपिल मुनि ने राहुल से दस लाख रुपये के बदले में उसका मुख माँगा।

### पाठ-3 (जय जवान, जय किसान)

7. 'जय जवान, जय किसान' का नारा किसने दिया?

उत्तर : 'जय जवान, जय किसान' का नारा भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने दिया था।

8. भारत के दूसरे प्रधानमंत्री कौन थे?

उत्तर :भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी थे।

9. श्री लाल बहादुर शास्त्री जी अपने सिद्धांतों से समझौता करने को क्या समझते थे?

उत्तर :श्री लाल बहादुर शास्त्री जी अपने सिद्धांतों से समझौता करना आत्मघाती समझते थे।

## पाठ-4 (इंद्रधनुष)

10. वर्षा के बाद प्रकृति कैसी दिखाई देती है?

उत्तर :वर्षा के बाद प्रकृति हरी-भरी दिखाई देती है।

11. इंद्रधनुष का आकार कैसा होता है?

उत्तर :इंद्रधनुष का आकार झूले जैसा होता है।

## पाठ-5 (ईमानदार शंकर)

12. शंकर का स्वभाव कैसा था?

उत्तर :कड़ी मेहनत करना शंकर का स्वभाव था।

13. शंकर की दुकान के आगे से क्या मिला?

उत्तर : शंकर की दुकान के आगे से पाँच रुपये का नोट मिला।

14. 'ईमानदार शंकर' कहानी में सुख की खान किसे कहा गया है?

उत्तर : 'ईमानदार शंकर' कहानी में सुख की खान ईमानदारी को कहा गया है।

## पाठ-6 ( मैं और मेरी सवारी)

15.बुजुर्गों के स्वास्थ्य का राज़ क्या है?

उत्तर : बुजुर्गों के स्वास्थ्य का राज़ है- नियमित रूप से साइकिल चलाना।

16. वायु प्रदूषण कैसे होता है?

उत्तर : वायु प्रदूषण मोटर गाड़ियों से निकलने वाले धुएँ से होता है।

17. दो पहिए वाली सवारी को क्या कहते हैं?

उत्तर : दो पहिए वाली सवारी को बाइसिकिल कहते हैं।

## पाठ-7 (सूरज)

18.सूरज किस दिशा से निकलता तथा छिपता है?

उत्तर :सूरज पूर्व दिशा से निकलता है तथा पश्चिम दिशा में छिपता है?

19.सूरज के निकलने पर क्या फैल जाता है?

उत्तर : सूरज के निकलने पर प्रकाश फैल जाता है।

## पाठ-8 (प्रायश्चित)

20.गोपू कैसे गुज़ारा करता था?

उत्तर :गोपू उपले बेचकर अपना गुज़ारा करता था।

21.बच्चों ने होली कहाँ मनायी?

उत्तर :बच्चों ने शिवालय के पास खुले मैदान में होली मनायी?

22. मुखिया ने शरारती बच्चों को क्या सज़ा दी?

उत्तर :मुखिया ने शरारती बच्चों को उपले बनाने की सज़ा दी।

## पाठ-9 (रोमांचक कबड्डी मुकाबला)

23. कबड्डी की दोनों टीमों के क्या नाम थे?

उत्तर : कबड्डी की दोनों टीमों के नाम सरोजिनी टीम तथा लक्ष्मीबाई टीम थे।

24. कबड्डी की टीम में कितने खिलाड़ी थे?

उत्तर : कबड्डी की टीम में सात-सात खिलाड़ी थे।

25. कौन सी टीम विजयी घोषित की गयी?

उत्तर : सरोजिनी टीम विजयी घोषित की गयी ।

## पाठ-10 (चिड़िया का गीत)

26. चिड़िया का घोंसला किस चीज़ से बना हुआ था?

उत्तर : चिड़िया का घोंसला सूखे तिनकों से बना हुआ था।

27.चिड़िया के घर का आकार सबसे पहले कैसा था?

उत्तर : चिड़िया के घर का आकार सबसे पहले अंडे जैसा था।

## पाठ-11 (दूध का दूध,पानी का पानी)

28. 'दूध का दूध,पानी का पानी'कहानी में कौन सा पात्र गूंगा तथा बहरा था?

उत्तर : 'दूध का दूध,पानी का पानी' कहानी में नौकर गूंगा तथा बहरा था।

29.'सच्चा न्याय' के लिए हिंदी में किस मुहावरे का प्रयोग होता है?

उत्तर : 'सच्चा न्याय' के लिए हिंदी में 'दूध का दूध, पानी का पानी'-मुहावरे का प्रयोग होता है।

## पाठ-12 (रेणुका झील )

30. तालाबों का शहर किसे कहा जाता है?

उत्तर : तालाबों का शहर नाहन को कहा जाता है।

31.रेणुका जी किसकी माता थीं?

उत्तर : रेणुका जी परशुराम जी की माता थीं।

32. पाँवटा साहिब गुरुद्वारे का सम्बन्ध किस गुरु से है?

उत्तर : पाँवटा साहिब गुरुद्वारे का सम्बन्ध श्री गोबिंद सिंह जी से है।

## पाठ-13 ( काश ! मैं भी)

33. कवयित्री सीमा पर जाकर किससे युद्ध करना चाहती है?

उत्तर : कवयित्री सीमा पर जाकर शत्रुओं से युद्ध करना चाहती है।

34.कवयित्री कैसे शहीद होना चाहती है?

उत्तर : कवयित्री देश की रक्षा करते हुए लड़ते-लड़ते शहीद होना चाहती है।

35.कवयित्री किस घाटी का पत्थर बनना चाहती है?

उत्तर : कवयित्री कारगिल की घाटी का पत्थर बनना चाहती है।

## पाठ-14 ( कुमारी कालीबाई)

36.कुमारी कालीबाई का स्मारक राजस्थान के किस गाँव में बना है?

उत्तर : कुमारी कालीबाई का स्मारक राजस्थान के रास्तापाल गाँव में बना है।

37. रास्तापाल गाँव के कौन से दो अध्यापक क्रांतिकारी गतिविधियाँ चलाते थे?

उत्तर : रास्तापाल गाँव के नानाबााई और सेंगाभाई दोनों अध्यापक क्रांतिकारी गतिविधियाँ चलाते थे ।

38. कुमारी कालीबाई जब देश के लिए शहीद हुई तो उसकी उम्र कितनी थी?

उत्तर : कुमारी कालीबाई जब देश के लिए शहीद हुई तो उसकी उम्र 13 साल थी ।

## पाठ-15 (गुरुपर्व)

39. नगर कीर्तन किसकी अगुवाई में होता है?

उत्तर : नगर कीर्तन पाँच प्यारों की अगुवाई में होता है।

40. नगर कीर्तन विभिन्न स्थानों से होता हुआ कहाँ जाकर सम्पन्न होता है?

उत्तर : नगर कीर्तन विभिन्न स्थानों से होता हुआ गुरुद्वारा साहिब में जाकर सम्पन्न होता है।

41. सिक्ख धर्म के संस्थापक कौन थे?

उत्तर :श्री गुरु नानक देव जी सिक्ख धर्म के संस्थापक थे।

## पाठ-16 (चींटी)

42.चींटी की काया कैसी होती है?

उत्तर : चींटी की काया बहुत छोटी होती है।

43. चींटी कविता के आधार पर बतायें कि विजय कैसे मिलती है?

उत्तर :अथक मेहनत करने से विजय मिलती है।

## पाठ-17 (पिल्ले बिकाऊ हैं)

44.बच्चे की जेब में कितनी राशि थी?

उत्तर : बच्चे की जेब में 2 डालर और 37 सैंट की राशि थी।

45.अपाहिज पिल्ले के शरीर का कौन सा भाग टूटा हुआ था?

उत्तर : अपाहिज पिल्ले का कूल्हा टूटा हुआ था।

46.बच्चे की टाँग किस कारण खराब हो गयी थी?

उत्तर : बच्चे की टाँग पोलियो के कारण खराब हो गयी थी।

## पाठ-18 (रसोई का ताज : सब्ज़ियाँ)

47. आलू ने अपने किस रूप को पूर्ण आहार कहा?

उत्तर : आलू ने अपने उबले हुए रूप को पूर्ण आहार कहा।

48.किस सब्ज़ी के सिर पर ताज लगा होता है?

उत्तर :बैंगन के सिर पर ताज लगा होता है।

49. टमाटर ने किन रोगियों को अपना सेवन करने से मना किया है?

उत्तर : टमाटर ने पत्थरी के रोगियों को अपना सेवन करने से मना किया है।

## पाठ-19 ( पेड़ लगाओ)

50. कवि के अनुसार जीवन के लिए क्या ज़रूरी है?

उत्तर : कवि के अनुसार पेड़ लगाना जीवन के लिए ज़रूरी है।

51. कवि के अनुसार मानव ने हँसना किससे सीखा है?

उत्तर : कवि के अनुसार मानव ने फूलों से हँसना सीखा है।

## पाठ-20 (ज्ञान का भंडार- समाचार पत्र)

52.लेखक ने किसे ज्ञान का भंडार कहा है?

उत्तर : लेखक ने समाचार पत्र को ज्ञान का भंडार कहा है।

53.समाचार पत्र का प्रकाशन किस मशीन के आने से शुरू हुआ?

उत्तर : समाचार पत्र का प्रकाशन कागज़ छापने की मशीन के आने से शुरू हुआ।

54.रिपोर्टर किसे कहते हैं?

उत्तर :समाचार भेजने वाले को रिपोर्टर कहते हैं।

55.आजकल समाचार कैसे भेजे जाते हैं?

उत्तर : आजकल समाचार इंटरनेट द्वारा भेजे जाते हैं।

**(ii) कविता लेखन**

**नोट : पाठ्य-पुस्तक की कविता लेखन से सम्बन्धित प्रश्न में विद्यार्थी को अपनी रुचि के अनुसार किसी भी कविता की तीन-चार पंक्तियाँ लिखने को कहा जायेगा। यहाँ कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं :**

हे ईश्वर, हे नादान,

हम सब बच्चे हैं नादान।

तुम्हीं हो माता-पिता हमारे,

भाई-बंधु सखा हमारे।

**अथवा**

माता-पिता की आज्ञा मानें,

गुरु का आदर करना जानें।

देश-प्रेम पर बलि-बलि जायें

दीन-दु:खी को सदा बचायें।

**अथवा**

वर्षा ऋतु मुस्काती है,

सतरंगी हो जाती है,

आओ ! हम भी मुस्काएं,

रंग खुशी के बिखराएं

**अथवा**

पूर्व दिशा से निकला सूरज

उजियारा फैलाता है,

सुबह सवेरे उठने का

संदेशा लेकर आता है।

**नोट : इनके अतिरिक्त विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार स्वयं पाठ्य-पुस्तक से कविताएं पढ़ने व लिखने का अभ्यास करें।**

## (iii) विराम चिह्न

निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम चिह्न लगायें -

1.लक्ष्मीबाई  टीम रघु गुरप्रीत सुखविन्द्र रमन जार्ज स्वर्ण असलम तथा गोबिन्द से सजी थी

उत्तर : लक्ष्मीबाई  टीम रघु, गुरप्रीत, सुखविन्द्र ,रमन, जार्ज ,स्वर्ण, असलम तथा गोबिन्द से सजी थी ।

2.अरे यह क्या हुआ

अरे ! यह क्या हुआ ?

3.क्या तुम्हारे पास बिल्कुल भी धन नहीं

उत्तर : क्या तुम्हारे पास बिल्कुल भी धन नहीं ?

4.सरोजिनी टीम में अशोक महेश सुरिन्द्र स्वर्ण अब्दुल एन्थनी और कृष्णा थे

उत्तर : सरोजिनी टीम में अशोक, महेश, सुरिन्द्र, स्वर्ण, अब्दुल, एन्थनी, और कृष्णा थे ।

5. हाँ क्यों नहीं पर मैं तुम्हारी तरह राग नहीं अलापता

उत्तर : हाँ, क्यों नहीं ! पर मैं तुम्हारी तरह राग नहीं अलापता।

6.अच्छा अच्छा बंद करो अपनी लड़ाई

उत्तर : अच्छा! अच्छा ! बंद करो अपनी लड़ाई ।

7.बैंगन गोभी गाजर मटर आदि के साथ मिलकर तो मैं सब्ज़ी के स्वाद को दोगुना कर देता हूँ

उत्तर : बैंगन, गोभी, गाजर, मटर आदि के साथ मिलकर तो मैं सब्ज़ी के स्वाद को दोगुना कर देता हूँ।

8.नहीं नहीं वो मुझे ही लेने आ रही हैं

उत्तर : नहीं !नहीं !वो मुझे ही लेने आ रही हैं ।

9.अबे चुप रह कड़वे और खुरदरे

उत्तर : अबे ! चुप रह कड़वे और खुरदरे ।

10.नहीं मैं सब्ज़ियों का राजा हूँ

उत्तर : नहीं ! मै सब्ज़ियों का राजा हूँ ।

## भाग– III : 04 अंकों वाले निबन्धात्मक प्रश्न

### (i) पाठ्य–पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित पाठों के निबन्धात्मक प्रश्न

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में दें–

#### पाठ –1 – प्रार्थना

1. बच्चे देश के लिए कैसे भविष्य की कामना करते हैं ?

उत्तर : बच्चे देश के लिए सुंदर भविष्य की कामना करते हुए कहते हैं कि हमारे देश में चारों ओर हरियाली हो, हर घर में खुशहाली हो और हमारा देश आगे ही आगे बढ़ता जाए।

#### पाठ –2 – सबसे बड़ा धन

2. कपिल मुनि ने सबसे बड़ा धन किसे कहा है ?

उत्तर : कपिल मुनि ने सबसे बड़ा धन "स्वस्थ शरीर " को कहा है । इस शरीर से मेहनत करके तथा कमाकर खाना चाहिए। इसी से जीवन भर सुख मिलता है।

#### पाठ –3 – जय जवान !जय किसान !

3. लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

उत्तर : लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि अगर हमारा निश्चय पक्का है, संकल्प दृढ़ है तो हम जीवन में कोई भी उच्च पद प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार सफलता हमारे कदम चूमेगी।

#### पाठ –4 – इन्द्रधनुष

4. वर्षा ऋतु से हमें मुस्कराते रहने का क्या संदेश मिलता है ?

उत्तर : वर्षा ऋतु के काले बादल हमें संदेश देते हैं कि हमेशा मुस्कराते रहो और चारों ओर खुशियाँ बाँटते चलो।

#### पाठ –5 – ईमानदार शंकर

5. हलवाई ने शंकर को नौकरी क्यों दे दी ?

उत्तर :शंकर की ईमानदारी से हलवाई बड़ा प्रसन्न हुआ। शंकर उसे एक मेहनती बालक लगा। इसीलिए उसने शंकर को अपने यहाँ नौकरी दे दी।

## पाठ –6 – मैं और मेरी सवारी

6. साइकिल चलाने के लाभ बताओ।

उत्तर : साइकिल चलाने के अनेक लाभ हैं–

1. साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है।
2. साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ मज़बूत होती हैं।
3. साइकिल यातायात का एक सरल तथा सस्ता साधन है।
4. इससे पर्यावरण को हानि नहीं होती।
5. साइकिल चलाना एक सम्पूर्ण व्यायाम है।

## पाठ –7 – सूरज

7. सूरज हमें क्या प्रेरणा देता है ?

उत्तर : सूरज हमें सुबह जल्दी उठने की प्रेरणा देता है, जीवन में लगातार आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सूरज हमें बताता है कि सदा नई खुशियों और आशाओं के साथ जीवन को जीना चाहिए।

## पाठ –8 – प्रायश्चित

8. मुखिया द्वारा बच्चों की दी गई सज़ा ठीक है अथवा गलत ? क्यों?

उत्तर : मुखिया द्वारा बच्चों को उपले बनाने की सज़ा ठीक है क्योंकि कोई भी पर्व अथवा त्योहार, यहाँ तक कि कोई भी अच्छा काम किसी को परेशान करके नहीं करना चाहिए।

## पाठ –9 – रोमांचक कबड्डी मुकाबला

9. कोई भी मैच खेलते समय टीम के खिलाड़ियों में कौन-कौन से गुण होने चाहिए?

उत्तर : 1.मित्रता और सद्भावना से खेलना चाहिए।

2.खेल के नियमों का पालन करना चाहिए।

3.खिलाड़ी में सहनशीलता व धीरज होना चाहिए।

4. किसी दूसरे खिलाड़ी को हानि नहीं पहुँचानी चाहिए।

## पाठ –10 – चिड़िया का गीत

10.खुले आसमान में उड़ती हुई चिड़िया को क्या समझ में आया?

उत्तर : खुले आसमान में उड़ती हुई चिड़िया को समझ में आया कि यह संसार बहुत बड़ा है और इसका कोई अंत नहीं है।

## पाठ-11 दूध का दूध,पानी का पानी

11.दूध का दूध,पानी का पानी कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर : दूध का दूध,पानी का पानी कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि हमें जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए। हमें सोच-समझकर धीरज से बुद्धि से न्याय करना चाहिए।

## पाठ-12 रेणुका झील

12.रेणुका झील की विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर : रेणुका झील एक कुदरती झील है।इसका नाम परशुराम जी की माता रेणुका जी के नाम पर पड़ा।यहाँ पर बच्चों के लिए मिनी चिड़ियाघर है।यहाँ शेर सफारी भी है।इस झील के किनारे हर साल नवंबर महीने में, एक बड़ा मेला लगता है।

## पाठ-13 काश ! मैं भी

13.कवयित्री कारगिल की घाटी का ही पत्थर क्यों बनना चाहती है?

उत्तर : कवयित्री कारगिल की घाटी का ही पत्थर इसलिए बनना चाहता है क्योंकि इस जगह पर अनेक भारतीयों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए थे।

## पाठ-14 कुमारी कालीबाई

14 कुमारी कालीबाई देश के लिए कैसे शहीद हुई ?

उत्तर :कुमारी कालीबाई ने जब सेंगाभाई को अंग्रेज़ों से मुक्त करवाया तो अंग्रेज़ों ने गुस्से में आकर उस पर गोलियों की बौछार कर दी। कालीबाई की जीवन लीला समाप्त हो गई । इस तरह वह देश के लिए शहीद हो गई।

## पाठ-15 गुरूपर्व

15 गुरू का लंगर के अटूट वितरण से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर :गुरू का लंगर के अटूट वितरण से अभिप्राय है , बिना रोक के या बिना किसी विध्न तथा भेदभाव के लगातार लंगर का बांटा जाना।

## पाठ-16 चींटी

16. चींटी से हम क्या सीख सकते हैं ?

उत्तर : चींटी हमें सिखाती है कि परिश्रम से कभी भी हार नहीं माननी चाहिए तथा परिश्रम से ही सफलता मिलती है।

## पाठ-17 (पिल्ले बिकाऊ हैं)

17. कहानी में सच्चे मित्र की क्या विशेषता बतायी है ?

उत्तर : सच्चा मित्र वही है जो उस समय काम आता है, जब सारी दुनिया मुँह मोड़ लेती है।

## पाठ-18 (रसोई का ताज : सब्ज़ियाँ)

18.आलू ने अपने आपको सब्ज़ियों का राजा क्यों कहा?

उत्तर : आलू ने अपने आपको सब्ज़ियों का राजा इसलिए कहा क्योंकि रसोई में सबसे अधिक उसका ही प्रयोग होता है।सभी उसे पसंद करते हैं। रायता, परांठा, समोसे, टिक्की, चाट,पकौड़े तथा चिप्स उससे ही बनते हैं।

## पाठ-19 (पेड़ लगाओ)

19. पेड़ों से हमें क्या मिलता है?

उत्तर : 1. पेड़ों से हमें लकड़ी मिलती है।

2. पेड़ों से हमें फल व फूल मिलते हैं।

3. कई पेड़ दवा के काम आते हैं।

4. पेड़ बारिश लाने में सहायक होते हैं।

5.पेड़ों से हमें कागज़, रबड़,गोंद आदि मिलती है।

## पाठ-20 (ज्ञान का भंडार : समाचार पत्र)

20. समाचार पत्र ज्ञान का भंडार हैं। कैसे?

उत्तर : समाचार पत्रों से हमें अपने शहर, राज्य,देश और विदेश में होने वाली घटनाओं की जानकारी मिलती है। इसके साथ-साथ खेल, राजनीति और दूसरे समाचार भी मिलते हैं।इससे हमारा ज्ञान बढ़ता है।अत: इसे ज्ञान का भंडार कहा गया है।

## (ii) कहानी लेखन

### लालची कुत्ता

एक दिन एक कुत्ते को रोटी का टुकड़ा मिला। वह अकेला उसे खाने की चाह में नदी के उस पार जाने लगा। नदी पार करते समय उसने अपनी परछाई पानी में देखी। उसे लगा कि यह कोई दूसरा कुत्ता है , जिसके पास एक और रोटी है। उसके मन में लालच आ गया। दूसरे कुत्ते (स्वयं की परछाई) से रोटी छीनने के लिए जैसे ही वह भौंका तो तुरंत उसके मुख से रोटी नदी में गिर गयी। उसके हाथ पछतावे के अलावा कुछ न लगा।

शिक्षा : लालच बुरी बला है।

### प्यासा कौआ

एक प्यासा कौआ पानी की तलाश में घूम रहा था। उसे बाग में एक घड़ा दिखाई दिया। जब उसने पास जाकर देखा तो घड़े में पानी बहुत कम था। तभी उसे एक उपाय सूझा। उसने पास पड़े कंकर एक-एक करके घड़े में डालने शुरू किये। देखते ही देखते पानी ऊपर आ गया। कौए ने पानी पीकर अपनी प्यास बुझा ली और खुशी- खुशी उड़ गया।

शिक्षा : जहाँ चाह,वहाँ राह ।

## एकता में बल है

एक किसान के चार बेटे थे किंतु वे लड़ते-झगड़ते रहते थे। किसान को यह चिंता बार-बार सताती रहती थी। एक दिन किसान ने लकड़ियों का एक गट्ठा मंगवाया और तभी अपने चारों बेटों को भी बुलाया। सभी को एक-एक लकड़ी तोड़ने को कहा। सभी ने एक ही पल में उन्हें तोड़ दिया।तब किसान ने अकेले -अकेले को पूरा गट्ठा तोड़ने को कहा। पूरा ज़ोर लगाने के बावजूद कोई भी बेटा उसे न तोड़ पाया। किसान ने उन्हें समझाया कि जब मिलकर रहोगे तो तुम्हारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा।

शिक्षा : हमें मिलजुल कर रहना चाहिए।

## भाग- IV : 05 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न

# (i) निबंध लेखन

### मेरा स्कूल

मेरे स्कूल का नाम सरकारी हाई स्कूल रामपुर है। यहाँ पर कक्षा पहली से आठवीं तक की पढ़ाई करवायी जाती है।मेरे स्कूल के मुख्याध्यापक और सभी अध्यापक बहुत मेहनती और जी जान से पढ़ाने वाले हैं। हमारे स्कूल में गणित, विज्ञान और कम्प्यूटर की प्रयोगशालाएँ भी हैं ,जहाँ हम बड़े चाव से मन लगाकर विभिन्न प्रयोग करते हैं।यहाँ दोपहर का खाना भी हमें खाने को नि:शुल्क मिलता है।मेरे स्कूल का हर बार नतीजा बहुत अच्छा रहता है।मुझे अपना स्कूल बहुत पसंद है।

### मेरा शहर

मेरे शहर का नाम राम नगर है। यह अपने ज़िले का सबसे सुंदर व बढ़िया शहर है।यहाँ रेलवे लाइन बिछी हुई है और सड़कें पक्की हैं।मेरे शहर में तीन सरकारी स्कूल, एक अस्पताल, डाकखाना और पुस्तकालय भी है। यहाँ सरकारी व सहकारी बैंक भी हैं। यहाँ के लोग पढ़े-लिखे व शांतिप्रिय हैं। कुछ लोग नौकरी, कुछ व्यापार करते हैं। यहाँ के सभी निवासी भारत देश के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी समझते हैं। सभी शहर को साफ़-सुथरा रखने में अपना योगदान देते हैं। सभी मिलज़ुलकर रहते हैं । मुझे अपने शहर से प्रेम है क्योंकि मेरे बचपन की यादें इससे जुड़ी हुई हैं।

### दशहरा

दशहरे का त्योहार अक्टूबर महीने में मनाया जाता है। इस त्योहार को मनाने के पीछे यह लोक कथा है कि लंका के राजा रावण ने श्रीराम जी के वनवास काल में छल से उनकी पत्नी सीता जी को हर लिया था। फिर श्रीराम जी ने हनुमान,बाली और सुग्रीव के साथ मिलकर लंका पर हमला किया और तब श्रीराम जी ने रावण को मार दिया। तब से यह त्योहार मनाया जाता है। दशहरे के त्योहार से नौ दिन पहले जगह-जगह रामलीला का मंचन होता है और दशहरा रामलीला का अंतिम दिन होता है। शाम के समय रावण,कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले बनाकर जलाये जाते हैं।सभी लोग इसे देखने जाते हैं और खुशी से अपने घरों को लौट आते हैं।

# श्री गुरु नानक देव जी

श्री गुरु नानक देव जी सिक्खों के पहले गुरु थे। उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को तलवंडी में हुआ था। उनके पिता जी का नाम मेहता कालू व माता जी का नाम तृप्ता देवी था।उनकी बड़ी बहन नानकी व पत्नी का नाम सुलखणी देवी था। इनके दो पुत्र-बाबा श्रीचंद व बाबा लक्ष्मी चंद हुए हैं।

गुरु नानक जी मरदाना जी के साथ चारों दिशाओं में पच्चीस साल तक भ्रमण करते रहे,जिसे चार उदासियाँ कहा जाता है। गुरु जी की वाणी गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित है। इन्होंने छुआछूत,पाखंड और अंधविश्वास का खंडन किया । गुरु जी ने लोगों को वहमों और भ्रमों से बाहर निकाला और जीने का सच्चा राह दिखाया।लोगों को मेहनत करके और बाँटकर खाने की शिक्षा दी ।इन्होंने समाज को  ईश्वर का भजन करने का उपदेश दिया।इनके उपदेश सारी मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।गुरु जी 1539 ईस्वी को ज्योति जोत समा गये ।

## (ii) पत्र लेखन

### 1. अपने स्कूल के मुख्याध्यापक से बीमारी की छुट्टी लेने के लिए प्रार्थना पत्र लिखें:-

सेवा में

मुख्य अध्यापक

--------- स्कूल

----------शहर ।

-------------दिनांक

विषय : बीमारी की छुट्टी लेने के लिए प्रार्थना पत्र।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन है कि मुझे आज बुखार हो गया है,इसलिए मैं स्कूल नहीं आ सकता। कृपा करके मुझे आज दिनांक ------- को एक दिन की छुट्टी दे दीजिए।

धन्यवाद सहित ।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

-------------कक्षा

-------------क्रमांक

**2.अपने स्कूल के मुख्याध्यापक से ज़रूरी काम के लिए प्रार्थना पत्र लिखें :-**

सेवा में

मुख्याध्यापक

---------- स्कूल

-----------शहर।

--------------दिनांक

विषय : ज़रूरी काम के लिए प्रार्थना पत्र।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन है कि मुझे आज घर पर ज़रूरी काम पड़ गया है, इसलिए मैं आज स्कूल नहीं आ सकता । कृपा करके मुझे आज दिनांक -------- को एक दिन की छुट्टी दे दीजिए।

धन्यवाद सहित।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

--------------कक्षा

--------------क्रमांक

## 3.अपने स्कूल की मुख्याध्यापिका को जुर्माना माफी के लिए प्रार्थना पत्र लिखें :-

सेवा में

मुख्याध्यापिका

--------- स्कूल

----------शहर।

-------------दिनांक

विषय : जुर्माना माफी के लिए प्रार्थना पत्र।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन है कि कल मेरे अध्यापक ने मुझे स्कूल प्रांगण से फूल तोड़ते हुए देख लिया था । उन्होंने मुझे इसके लिए पचास रुपये जुर्माना लगा दिया है। मेरे पिता जी की आमदन बहुत ही कम है, इसलिए मैं यह जुर्माना नहीं दे सकता ।कृपा करके मेरी जुर्माना माफ कर दीजिए। मैं फिर ऐसी गलती नहीं करूँगा।

धन्यवाद सहित ।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

-------------कक्षा

-------------क्रमांक

## 4.सेक्शन बदलने के लिए अपने स्कूल की मुख्याध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखें :-

सेवा में

मुख्याध्यापिका

--------- स्कूल

----------शहर ।

-------------दिनांक

विषय : **सेक्शन बदलने** के लिए प्रार्थना पत्र।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन है कि मेरी चचेरी बहन छठी-ए कक्षा में पढ़ती है और मैं छठी-बी कक्षा में पढ़ती हूँ। कृपा करके मेरा सेक्शन बदलकर छठी-ए कर दीजिए ताकि हम दोनों इकट्ठे बैठकर गृह-कार्य कर सकें ।

धन्यवाद सहित ।

आपकी आज्ञाकारी शिष्या

-------------कक्षा

-------------क्रमांक